हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 सितंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 36.9 डिग्री
न्यूनतम 24.2 डिग्री


10 कुम्हार मोहल्ले में नाले के निर्माण को लेकर विरोध में उतरे लोग





10 बुजुर्गों को इम्यूनिटी बूस्टर की 37 किटें वितरित




## खबर संक्षेप



### करनाल बार एसोसिएशन ने वर्क सस्पेंड रखा

**करनाल।** पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट बार एसोसिएशन चंडीगढ़ के सचिव और अन्य वकीलों पर हुए हमले के विरोध में गुरुवार को करनाल जिला बार एसोसिएशन ने भी वर्क सस्पेंड रखा।्रधान सुरजीत सिंह मढाण ने कहा कि वकील समाज को न्याय दिलाने का काम करते हैं और उन पर हमले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने मांग की कि हमलावरों को तुरंत गिरफ्तार कर उनके लाइसेंस सस्पेंड किए जाएं।

### पुलिस पर फायरिंग करने वाला पकड़ा

**पानीपत।** पानीपत के गांव रिसपुर के खेतों में 16 जून को किसान व पुलिस पर फायरिंग करने की वारदात में फरार चल रहे नौवें आरोपी यूपी के शामली जिला के मवी गांव निवासी दीपक को सीआईए श्री पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीआईए श्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस केस में थाना सनौली में रिसालु गांव निवासी नरेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

### तस्कर को गिरफ्तार कर 20 ग्राम हेरोइन बरामद

**यमुनानगर।** पुलिस ने सूचना पर गांव बॉम्बेपुर के पास पहुंचकर वहां संदिग्ध परिस्थितियों में घूम रहे युवक को हिरासत में लेकर उसकी तलाशी ली तो उसके पास से 20 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पूछताछ के दौरान आरोपी युवक की पहचान गांव के ही नाजिम के रूप में हुई। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश कर रिमांड पर लिया है।

### केश कला कौशल विभाग अध्यक्ष का किया स्वागत

**पिहोवा।** बाबा श्री सैन भगत सेवा समिति, पिहोवा के कार्यालय में केश कला कौशल विभाग हरियाणा सरकार के अध्यक्ष यशपाल ठाकुर का समिति द्वारा भव्य स्वागत और सम्मान किया गया। इस अवसर पर यशपाल ठाकुर ने समिति और समाज के प्रति आभार जताया और आश्वासन दिया कि वे जल्द ही हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलकर सैन समाज की हर मांग को उनके समक्ष रखेंगे।

### यूथ रेडक्रॉस का ध्येय मानवता की सेवा : राणा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में एक दिवसीय बेसिक फर्स्ट एड और डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बतौर विशिष्ट अतिथि प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर यूथ रेडक्रॉस प्रो. डीएस राणा ने स्वयंसेवकों को कहा कि यूथ रेडक्रॉस का मुख्य ध्येय मानवता की सच्ची सेवा है।

## पूर्व राज्यमंत्री बोले, नायब नीतियों से प्रभावित हो रहे प्रदेश के लोग

# वेंटिलेटर पर कांग्रेस, भाजपा जो कहती है वही करती है : गोयल

■ शेखुपुरा के सरपंच व अन्य भाजपा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के बयान पर पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कानून व्यवस्था नहीं बल्कि कांग्रेस वेंटिलेटर पर आ गई है। सुरजेवाला उसकी चिंता करें।

कांग्रेस के राज में अपराधियों को संरक्षण मिलता था लेकिन अब अपराध को खत्म करने का काम किया जा रहा है। हर अपराधी को जेल की सलाखों के पीछे भेजा जा रहा है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी वोट चोरी का दूसरा एपिसोड लेकर आए हैं। जिसमें उन्होंने आरोप लगाए हैं कि सॉफ्टवेयर के जरिए बोर्ड डिलीट किया गया है। गोयल ने कहा कि जब बात हिमाचल तेलंगाना की आती है तब राहुल बाबा चुप्पी साध लेते हैं। राहुल गांधी राजनीति का गोल्डन स्पून लेकर जन्मे हैं। ट्रैक्टर पर चढ़ जाने से, खेतों में चले जाने से वह गरीबों की जिंदगी नहीं जी सकते बल्कि उसके लिए उन्हें बाहर रहकर वहां जीना चाहिए। गोयल ने पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला के उस बयान पर भी जवाब दिया जिसमें उन्होंने प्रदेश में 18 लाख 50000 एकड़ की फसल पानी में डूबने से बर्बाद होने की बात कही। उनका यह भी आरोप है कि सरकार इस समस्या के प्रति गंभीर नहीं है। गोयल ने कहा कि सुरजेवाला और दुष्यंत चौटाला दोनों का आंकड़ा अलग-अलग है। जबकि नायब सैनी एक ऐसे मुख्यमंत्री हैं जो बाढ़ ग्रस्त इलाकों में गए और उन लोगों के साथ खड़े रहे जो बाढ़ में ग्रस्त हो गए। उन्होंने कहा कि जल्द ही लाडो लक्ष्मी योजना के तहत महिलाओं को पैसे मिलने शुरू होने वाले हैं। इसको लेकर असीम बोले कि भाजपा जो कहती है वो कर के दिखाती है लेकिन कांग्रेस जो बोलती है वो कभी नहीं करती। कांग्रेस ने तेलंगाना हिमाचल में जो भी वादे किए थे अब तक वह पूरे नहीं हुए हैं। इस दौरान अंबाला शहर विधानसभा क्षेत्र में आए कई लोग भाजपा में शामिल हुए। इनका पूर्व मंत्री असीम गोयल ने भाजपा में स्वागत किया। गोयल ने पार्टी का पटका पहनाकर शेखुपुरा गांव के सरपंच व अन्य लोगों को भाजपा के शामिल किया।



**अंबाल।** अपने आवास पर लोगों से बात करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

**जनसमस्याएं सुनीं**

गोयल ने अपने आवास पर लोगों की समस्याओं को सुनकर उनका समाधान किया। अंबाला शहर विधानसभा के अलग अलग क्षेत्रों से आए लोगों ने पानी,पेंशन व विभिन्न सरकारी योजनाओं से संबंधित शिकायतें पूर्व मंत्री के समक्ष रखी। उन्होंने अधिकारियों से हर व्यक्ति की समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर करने के आदेश दिए।

# खेल महोत्सव के लिए बॉक्सिंग अकादमी पहुंची सांसद टीम



■ मनोज कुमार बॉक्सिंग अकादमी, समसीपुर के युवाओं को सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल द्वारा युवाओं और खिलाड़ियों के लिए शुरू किए गए सांसद खेल महोत्सव को लेकर पूरे क्षेत्र में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। इसी कड़ी में सांसद नवीन जिन्दल की टीम ने आज मनोज कुमार बॉक्सिंग अकादमी, समसीपुर का दौरा किया और वहां अभ्यास कर रहे खिलाड़ियों को इस महोत्सव के बारे में जानकारी दी।

टीम के सदस्यों ने युवा बॉक्सरों से संवाद करते हुए उन्हें बताया कि सांसद खेल महोत्सव का उद्देश्य युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करना, उनकी प्रतिभा को निखारना और उन्हें एक बड़े मंच पर अपनी क्षमता दिखाने का अवसर देना है।

**पंजीकरण करवाया**

यह आयोजन खिलाड़ियों को प्रतिस्पर्धा की भावना से ओत-प्रोत करेगा, और साथ ही उनमें आत्मविश्वास और अनुशासन का भी संचार करेगा। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय से बलविंद्र सिंह, दीपशिखा, अंकित गर्ग और शिखा नेहरा ने युवाओं को सांसद खेल महोत्सव में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और उनका पंजीकरण कराया।

इस अवसर पर अकादमी के कोच गौरव ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव युवाओं के लिए एक नई ऊर्जा और उमंग लेकर आया है। यह महोत्सव खिलाड़ियों के व्यक्तित्व विकास और भविष्य निर्माण का एक मजबूत माध्यम है। हमें विश्वास है कि इस मंच से कई प्रतिभाशाली खिलाड़ी आगे निकलेंगे और देश-प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।

# शेयर मार्केट के नाम पर ठगे 10.35 लाख रुपये

■ साइबर थाना पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

साइबर ठगों ने शेयर मार्केट में पैसा इंवेस्टमेंट करवाकर अधिक प्रॉफिट देने का लालच देकर शहर की ईस्ट भाटिया नगर निवासी कंचन से 10 लाख 35 हजार रुपये ठग लिए गए। ठगों ने उसके मोबाइल पर लिंक भेजकर उसे व्हाट्सएप गुरप से जोड़कर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर की ईस्ट भाटिया नगर निवासी कंचन ने साइबर क्राइम थाना पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि गत 12 जून को उसके मोबाइल पर एक लिंक आया। जब उसने लिंक पर क्लिक किया तो वह एक व्हाट्सएप गुरुप से जुड़ गई। जहां पर शेयर मार्केट के संबंध में बातें हो रही थी।

### पैसे वापस मांगने पर आरोपियों ने ग्रुप से हटाया

आरोपियों ने उसे बताया कि शेयर मार्केट में पैसे इंवेस्टमेंट कर अधिक प्रॉफिट मिलता है। उसने आरोपियों पर विश्वास करके 12 जून से 28 जुलाई के बीच उनके द्वारा बताए गए अकाउंट में 10 लाख 35 हजार रुपये जमा करवा दिए। इसके बाद आरोपियों ने उसे प्रॉफिट के पैसे नहीं दिए। जब उसने आरोपियों से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। जब उसने आरोपियों से अपने पैसे वापस मांगे तो उन्होंने उसे गुरप से रिमूव कर दिया। आरोपियों ने उसका मोबाइल भी उठाना बंद कर दिया।

### इग्नू ने दाखिले की तिथि 30 तक बढ़ाई

**करनाल।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय (इग्नू) ने जुलाई 2025 सत्र में दाखिले की अंतिम तिथि को 15 से बढ़ाकर अब 30 सितम्बर कर दिया है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. धर्मपाल ने बताया कि यह निर्णय उन विद्यार्थियों के हित में लिया गया है जो किसी कारणवश अन्य कॉलेज या विश्वविद्यालयों में दाखिला नहीं ले पाए हैं।

उन्होंने कहा कि विशेष रूप से यह अवसर उन छात्रों के लिए लाभकारी है जो अपनी पढ़ाई जारी रखते हुए अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा प्राप्त करना चाहते हैं। नियमित पाठ्यक्रम कर रहे विद्यार्थी भी इग्नू से एक अतिरिक्त डिग्री या डिप्लोमा ले सकते हैं। इससे उन्हें दो विषयों का गहरा ज्ञान प्राप्त होगा और करियर विकल्प भी बढ़ेंगे। जो विद्यार्थी द्वितीय व तृतीय वर्ष में री-रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाए हैं, उन्हें भी 200 रुपये लेट फीस के साथ 30 सितम्बर तक एक और अवसर दिया गया है। दाखिला प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है।

# धान व बाजरे की खरीद जल्द शुरू करने को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल

■ भाकिय सदस्यों ने सांकेतिक भूख हड़ताल के दौरान दिया धरना

■ प्रदर्शनकारियों न मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के सदस्यों ने धान व बाजरे की खरीद सितंबर माह में शुरु किए जाने की मांग को लेकर जिला सचिवालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल की और धरना प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने मौके पर धान व बाजरे की खरीद को लेकर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा।

वीरवार सुबह भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के सैंकड़ो सदस्य जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना के नेतृत्व में जिला सचिलवालय के समक्ष पहुंच गए और धरना देकर बैठ गए। इस दौरान भाकियू के सदस्यों ने एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की और धरना प्रदर्शन कर सरकार से एक अक्तूबर की बजाए सितंबर माह में धान व बाजरे की खरीद शुरु किए जाने की मांग की। इस दौरान भाकियू के सदस्यों ने मुख्यमंत्री के नाम उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा। मौके पर भाकियू के जिला अध्यक्ष संजू गुंदियाना ने कहा कि किसान पिछले लंबे समय से सरकार से धान व बाजरे की खरीद 15 सितंबर से शुरु किए जाने की मांग कर रहे हैं। मगर सरकार किसानों की इस मांग पर ध्यान नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में गत 10 सितंबर को चंडीगढ़ में पहुंचकर भाकियू के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से मिलकर धान व बाजरे की खरीद सितंबर माह में शुरु किए जाने की मांग की थी। जिसमें सीएम ने कहा था कि हम जल्द शुरू करने की घोषणा कर देंगे । हमने केंद्र सरकार को अनुमति के लिए लेंटर लिख दिया है। मगर अभी तक अनाज मंडियों में धान व बाजरे की खरीद शुरु नहीं की गई है। अनाज मंडियों में हजारों क्विटल धान पहुंच चुकी है। वहां पर व्यापारी मन चाहे दामों पर धान को लूट रहे हैं।



**यमुनानगर।** जिला सचिवालय के समक्ष एक दिवसीय सांकेतिक भूख हड़ताल के दौरान धरना प्रदर्शन करते हुए भाकियू के सदस्य।

**जनसमस्याएं सुनीं**

प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि सरकार ने अनाज मंडियों में धान व बाजरे की खरीद जल्द शुरू नहीं की गई तो 22 सितंबर को हरियाणा प्रदेश का किसान पिपली में जीटी रोड के पास ताऊ देवीलाल पार्क में इकट्ठे होकर आगामी रणनीति तय करेंगे। इसमें चाहे जीटी रोड जाम करने की बात हो या सीएम हाउस के घेराव किए जाने का फैसला हो।

## मिसेज इंडिया इंटरनेशनल की फर्स्ट रनर-अप नेहा शर्मा का स्वागत

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र। विद्या भारती हरियाणा एवं हिंदू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वाधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल 2025 की फर्स्ट रनर-अप नेहा शर्मा जोनस का अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की पूर्व छात्रा नेहा शर्मा, उनकी माता सरोज शर्मा, सोहन शर्मा, हिंदू शिक्षा समिति के उपाध्यक्ष चेतराम शर्मा, पूर्व छात्र परिषद संयोजक अखिलेश गुप्ता, पूर्व आचार्या सुषमा गुप्ता, प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, प्रबंधक बलबीर प्रकाश, शिक्षाविद डॉ हरिप्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि अंजलि शर्मा उपस्थित रहे। नेहा का स्वागत ढोल बजाकर फूल माला, स्मृति चिन्ह, पौधा, श्रीफल देकर किया गया। नेहा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने गीता कन्या विद्यालय से वर्ष 2003 में 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। विद्यालय समय से ही मैं सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लिया करती थी। आज से 16 वर्ष पूर्व वह स्कॉटलैंड गई थी वहाँ जाकर नेशनल कल्चरल एसोसिएशन बॉडी बिल्डिंग में भाग लिया। इसमें भाग लेने वाली वह एकमात्र भारतीय महिला थी। उन्होंने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में फर्स्ट रनर-अप का खिताब हासिल किया। यह खिताब हासिल करने वाली नेहा 35 प्रतिभागियों में से एक थी। नेहा ने बताया कि वह विद्यालय में प्रथम तल पर कोने के रूम में सेकेंड बैंच पर बैठा करती थी। अध्यापकों का सिखाया हुआ मुझे आज भी याद है जीवन में हमारे साथ कुछ भी आगे नहीं जाता, सिर्फ ज्ञान ही एक ऐसी चीज है जो हमेशा हमारे साथ रहती है।



## मुख्यमंत्री को बताई पानीपत के उद्यमियों की समस्याएं

■ बिजली की बढ़ी हुई दरों के बारे में भी चर्चा की

**पानीपत।** हरियाणा चेंबर ऑफ कामर्स पानीपत चेप्टर के अध्यक्ष विनोद धमीजा ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की और बिजली से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। धमीजा ने बताया कि सीएम सैनी के साथ बिजली के लाइन लॉस, ब्रेकडाउन, फिक्स चार्जेज, सोलर नेट मीटरिंग (जो सैंक्शन लोड के हिसाब से होनी चाहिए) पर चर्चा की। वहीं, धमीजा ने मुख्यमंत्री सैनी के साथ मीटिंग मुख्य रूप से बिजली की बढ़ी हुई दरों के बारे में भी चर्चा की। धमीजा ने सीएम सैनी से उद्योगपतियों को एचडब्ल्यूआरए से एनओसी लेने में परेशानी की जानकारी देकर राहत की अपील की। धमीजा ने बताया कि उन्होंने



पानीपत के उद्यमियों की ओर से उनकी समस्याओं के हल की मांग के लिए मुख्यमंत्री नायब सैनी को ज्ञापन भी सौंपा।

## स्पिरिचुअलिटी और मेडिसिन दोनों को अपनाएं : प्रियंका

# राजयोग मेडिटेशन से खुलती हैं ब्लॉक धमनियां

■ प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चिकित्सा एवं परामर्श शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के दयालबाग स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में चिकित्सा एवं परामर्श शिविर का सुव्यवस्थित आयोजन किया गया।

यह कैंप नमिषा फाउंडेशन ट्रस्ट एवं ब्रह्माकुमारीज़ मेडिकल विंग (आरईआरएफ) के सहयोग से हुआ। इस कैंप का शुभारंभ नमीषा फाउंडेशन के फाउंडर राजेश चौधरी व राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी, राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी प्रीति दीदी, ब्रह्माकुमार राकेश मेहता और कैंप में आए हुए सभी मुख्य अतिथि व डॉक्टर्स ने दीप प्रज्वलित कर किया। कैंप में मुख्य अतिथि के तौर पर तहसीलदार प्रियंका ने कहा स्पिरिचुअलिटी और मेडिसिन दोनों को जब हम अपनाते हैं। हर तरह की बीमारी से मुक्त होकर एवर हेल्दी निरोगी बन सकते हैं। ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा सिखाए जाने वाला राजयोग व्यक्ति को अच्छा इंसान बनाता हैं। नगर परिषद की अध्यक्ष स्वर्ण कौर ने कहा ब्रह्माकुमारी आश्रम में आने पर उन्हें बेहद ख़ुशी महसूस होती है।

ब्रह्माकुमारीज के मेडिकल विंग के अंतर्गत सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के साथ एक एमओयू साइन हुआ है, जिसके तहत बहुत बड़े पैमाने पर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इस तरह की स्वास्थ्य लाभ देने वाली सेवाएं ब्रह्माकुमारी के मेडिकल विंग के द्वारा चलती रहती है। इस कैंप में डॉ. जोगिंदर, डॉ रूपा मुंजाल, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. शिवा कुमार, डॉ राहुल सिंह, डॉ. सत्यम शैली, डॉ. परमिधि शर्मा, डॉ.. सुरिंदर अरोड़ा , डॉक्टर मोहित ने भी सेवाएं दी।



**अंबाला।** शिविर के दौरान मौजूद ब्रह्माकुमारीज व चिकित्सक। *फोटोः हरिभूमि*

**16000 मरीज हुए ठीक**

सेवा केंद्र की राजयोग शिक्षिका राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैली दीदी ने कहा जब मन डिस्टर्ब हो जाता है शरीर में अलग-अलग तरह की बीमारियां पैदा होती हैं। इसलिए ब्रह्माकुमारी संस्था में सिखाया जाने वाला मेडिटेशन जो मन को शांत और पॉजिटिव करता है वह अनेकों बीमारियों का समाधान साबित हो रहा है। हृदय की धमनियां जो ब्लॉक हो जाती है उसे भी हम सही आहार और राजयोग मेडिटेशन से ठीक कर सकते हैं। अब तक इस पद्धति द्वारा 16000 से भी अधिक मरीज ठीक हो चुके हैं। इस अवसर पर पीएफटी टेस्ट व लंग्स टेस्ट किए एवं एचबी, शुगर, बीपी, व वजन चेक किया। लगभग 300 से अधिक लोगों ने इस कैंप का भरपूर लाभ लिया।

### ऑनलाइन रिफंड पोर्टल से लाभार्थियों को मिलेगी सुविधा : उत्तम सिंह

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि हरियाणा आवास बोर्ड ने अपनी विभिन्न आवासीय योजनाओं के तहत लंबित रिफंड मामलों को हल करने के लिए एक नई पहल की है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन पोर्टल लॉन्च किया गया है। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल के माध्यम से लाभार्थी अपनी पात्रता जांच सकते हैं, आवश्यक दस्तावेज अपलोड कर सकते हैं और रिफंड के लिए आवेदन कर सकते हैं।

रद्द की गई योजनाओं में ईडब्ल्यूएस, बीपीएल, पीएमएवाई, डिफेंस स्कीम सहित अन्य योजनाएं शामिल हैं। रिफंड प्राप्त करने के लिए पैन कार्ड की प्रति, बैंक पासबुक या कैंसिल चेक, बैंक का नो ड्यूज सर्टिफिकेट और आवास बोर्ड द्वारा जारी आवंटन पत्र जैसे दस्तावेज आवश्यक होंगे। जिन लाभार्थियों को ऑनलाइन आवेदन में कठिनाई आ रही है, वे करनाल स्थित आवास बोर्ड कार्यालय में दस्तावेज जमा करवा सकते हैं।

## नाम के आगे से मिनिस्टर हटाने पर दी सफाई

# सरकार से मेरी कोई नाराजगी नहीं : विज

■ श्रम मंत्री अनिल विज ने ट्विटर अकाउंट पर नाम के आगे से मिनिस्टर शब्द हटाने का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने अपने ट्विटर अकाउंट पर नाम के आगे से मिनिस्टर शब्द हटाने पर अब सफाई दी है। उन्होंने कहा कि वे नहीं चाहते कि कोई पद की वजह से उनके साथ जुड़े। अगर कोई उनका फॉलोअर्स बनना चाहता है तो अनिल विज की वजह से बने।

उन्होंने सरकार से किसी तरह की नाराजगी से भी इनकार किया है। कुछ दिन पहले अंबाला कैंट में पैरलल भाजपा चलाने वालों के बारे में उन्होंने फिर कोई जवाब नहीं दिया। विज के इस कदम से संकेत मिल रहे हैं कि अब वे पद के बजाय व्यक्तिगत तौर पर खुद को मजबूत करेंगे। मंत्री अनिल विज ने बताया कि बहुत साधारण सी बात है कि वे अपनी व्यूअरशिप और फॉलोअर्स अनिल विज के तौर पर बनाना चाहता हैं। जो मेरी ओर से कंटेंट डाला जाता है उसके आधार पर ही वे लोगों को अपना प्रशंसक बनाना चाहते हैं। इसी वजह से उन्होंने अपने नाम के आगे से पद हटा दिए हैं। उन्होंने कहा कि वे सरकार से कतई नाराज नहीं हैं। उन्होंने कहा कि नाम के आगे से मिनिस्टर शब्द हटाए जाने को लेकर किसी बात से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। मैं एज ए अनिल विज ही रहना चाहता हूं।



## खबर संक्षेप



यमुनानगर। उन्हेड़ी गांव में राहत सामग्री से भरे वाहन को झंडी दिखाकर रवाना करते हुए भाकिसं के सदस्य।

### भाकिसं ने बाढ़ पाड़ितों के लिए भेजी राहत सामग्री

**रादौर।** भारतीय किसान संघ की उन्हेड़ी ग्राम समिति के सदस्यों ने पंजाब में बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत सामग्री भेजी है। भाकिसं के उन्हेड़ी सदस्यों ने वीरवार को राहत सामग्री से भरे वाहन को झंडी दिखाकर रवाना किया है। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में भारतीय किसान संघ के महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने भाग लिया। भाकिसं के प्रदेश महामंत्री रामबीर सिंह चौहान ने बताया कि संघ की उन्हेड़ी ग्राम समिति ने पंजाब के बाढ़ पीड़तिों के लिए 105 टेंट, दूध पाउडर, अचार, पानी की बोतलें, बिस्कुट ,बच्चों के लिए कॉपी पेन समेत अन्य खाद्यय पदार्थ और अनाज आदि भेजा है। उन्होंने बताया कि वीरवार को राहत सामग्री से भरे वाहन को पंजाब के लिए रवाना कर दिया गया है। इस अवसर पर चौधरी करणवीर सिंह वह एडवोकेट मनिंदर सिंह ने कहा कि मुसीबत के समय में जो एक दूसरे के काम आए वही इंसान कहलाता है।

### नाबालिग लड़की के साथ युवक ने की छेड़छाड़

**यमुनानगर।** जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक ने गली में जा रही नाबालिग लड़की को कमरे में खींचकर उसके साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान आरोपी ने लड़की के साथ वीडियो भी बनाई और उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। पुलिस ने लड़की के परिजनों की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ पोक्सो एक्ट के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जठलाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके गांव का ही मासूम उसकी 17 वर्षीय लड़की को काफी दिन से परेशान कर रहा था। जब भी उसकी लड़की घर से बाहर जाती तभी आरोपी उसका पीछा करना शुरू कर देता। उसकी लड़की ने कइं बार आरोपी को समझाने का प्रयास किया लेकिन आरोपी अपनी हरकतों से बाज नहीं आया। व्यक्ति ने बताया कि गत 14 सितंबर को उसकी लड़की गली से जा रही थी। इस दौरान आरोपी युवक ने उसे अपने घर के कमरे में खींच लिया। जहां आरोपी ने उसकी लड़की के साथ छेड़छाड़ की। इस दौरान आरोपी ने लड़की के साथ वीडियो बनाई और उसे इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया।

# स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाए प्रत्येक नागरिक : मेयर

- सेवा पखवाड़े में शहर में रोपित होंगे 10 हजार पौधे, हर वार्ड से गंदगी होगी साफ
- मेयर सुमन बहमनी व निगम आयुक्त महावीर प्रसाद ने पौधारोपण व झाड़ू लगाकर की सेवा पखवाड़े की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा संकल्प के साथ सेवा पखवाड़ा की शुरुआत की। मेयर सुमन बहमनी व नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद ने पौधारोपण व झाडू लगाकर सेवा पखवाड़े का शुभारंभ किया। यह पखवाड़ा दो अक्टूबर तक जारी रहेगा। इस दौरान नगर निगम क्षेत्र में लगभग 10 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे और हर वार्ड में स्वच्छता अभियान चलाकर गंदगी साफ की जाएगी। पखवाड़े की शुरुआत जगाधरी के सेक्टर 17 के सामुदायिक केंद्र में स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर की गई। कार्यक्रम में मेयर सुमन बहमनी ने सभी नागरिकों को शहर को स्वच्छ व साफ बनाने और पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में मेयर सुमन बहमनी, आयुक्त महाबीर प्रसाद, विशेष अधिकारी सफाई अनिल कुमार यादव, अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार व अन्य ने लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान बेहतर कार्य करने वाले सफाई कर्मचारियों व श्रमिकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मेयर सुमन बहमनी समेत सभी ने स्वयं झाड़ू लगाकर स्वच्छता व पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाना प्रधानमंत्री मोदी के संकल्प को पूरा करने की दिशा में एक बड़ा कदम है। प्रधानमंत्री ने हमेशा स्वच्छता पर जोर दिया है और हमें उनके इस सपने को मिलकर पूरा करना है। उन्होंने कहा कि सेवा पखवाड़ा सिर्फ एक कार्यक्रम नहीं बल्कि सेवा और समर्पण का एक मौका है। जिसमें हर नागरिक को बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। हर नागरिक स्वच्छता को जीवनशैली का हिस्सा बनाए। रोजाना अपने आसपास के क्षेत्र को साफ सुंदर बनाए। जब स्वच्छता हमारी जीवनशैली का हिस्सा बनेगी तो हर अपने शहर को सुंदर, साफ और स्वच्छ बना सकेंगे। मौके पर जगाधरी मंडल अध्यक्ष एवं पार्षद प्रियंक शर्मा, पार्षद जयंत स्वामी, अशोक मेहंदीरत्ता, नरेंद्र राणा, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, विनोद बेनीवाल, अनिल नैन व शशि गुप्ता आदि मौजूद रहें।



यमुनानगर। सेक्टर 17 में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता की शपथ दिलाती मेयर सुमन बहमनी व अन्य। फोटो : हरिभूमि

## सामान किया जब्त, चार दुकानदारों के कटे चालान

# नगर निगम ने जगाधरी सिविल लाइन पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

- हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान को लेकर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

नगर निगम द्वारा जगाधरी सिविल लाइन पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा दुकान के बाहर रखे सामान को जब्त किया और चार दुकानदारों के चालान भी काटे। निगम की इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत विशेष अधिकारी सफाई अनिल कुमार यादव, मुख्य सफाई निरीक्षक हरजीत सिंह, सफाई निरीक्षक सचिन कांबोज, पंकज, निगम कर्मियों व होमगार्ड के जवानों के साथ देर शाम सिविल लाइन पर पहुंचे। निगम की टीम यहां से दुकानों के आगे से सड़क पर रखे सामान को उठाना शुरू किया। जिससे दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने स्वयं अपना सामान अंदर रखना शुरू कर दिया। निगम कर्मियों ने जिस भी दुकानदार का सामान सड़क पर मिला, उसे उठाकर निगम के वाहन में डाला। निगम ने यह अतिक्रमण हटाओ अभियान सिविल अस्पताल जगाधरी से लेकर झंडा चौक तक सड़क के दोनों ओर चलाया। जिस भी दुकान के आगे गंदगी मिली उसे साफ कराया गया। इस दौरान विशेष अधिकारी अनिल कुमार यादव ने दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्हें खुले में कचरा न डालने, सड़क पर सामान रखकर कब्जा न करने, प्रतिबंधित पॉलिथीन का इस्तेमाल न करने बारे समझाया। निगम की टीम ने इस दौरान खुले में गंदगी डालने व अतिक्रमण करने पर चार दुकानदारों के चालान किए और उनसे जुर्माना राशि वसूली।



यमुनानगर। जगाधरी स्थित सिविल लाइन पर अतिक्रमण हटवाते निगम अधिकारी व कर्मचारी।

### गंदगी मिलने पर होगा चालान

विशेष अधिकारी अनिल यादव ने कहा कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत शहर को साफ, स्वच्छ, सुंदर व अतिक्रमण मुक्त बनाने को लेकर नगर निगम प्रयास कर रहा है। शहर को सुंदर, व्यवस्थित व साफ बनाने को निगम द्वारा डोर टू डोर हर बाजार में जाकर दुकानदारों को समझाया गया। लेकिन अब नगर निगम ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जिस भी दुकानदार का सामान बाहर मिलेगा, उसे जब्त किया जाएगा। पॉलिथीन व गंदगी मिलने पर चालान किया जाएगा।



यमुनानगर। गुमथला सड़क से गायब मिट्टी के बरम। फोटो : हरिभूमि

# सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद भी बरम पर नहीं डाली गई मिट्टी

- बरम नीचे होने के कारण सड़क से उतरते समय चोटिल हो रहे वाहन चालक
- दो पहिया वाहन सड़क से नीचे गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

जिले के यमुनानगर-गुमथला सड़क मार्ग का निर्माण कार्य पूरा होने के बावजूद विभाग द्वारा सड़क किनारे बरम पर मिट्टी नहीं डाली गई है। आलम यह है कि बरम नीचे होने के कारण सड़क से उतरते समय वाहन चालक चोटिल हो रहे हैं। विभाग की कार्यप्रणाली से क्षेत्र के लोगों को रोष है। लोगों ने विभागीय अधिकारियों से सड़क के दोनों तरफ बरमों पर मिट्टी डाले जाने की मांग की है।

गांव जठलाना के सरपंच प्रतिनिधि बीर सिंह ने बताया कि करोड़ों रुपये की लागत से सरकार द्वारा यमुनानगर-गुमथला सड़क बनाई गई। लेकिन आज तक सड़क के दोनों और मिट्टी के नियमित बरम नहीं बनाए गए है। विभाग द्वारा कहीं कहीं पर मिट्टी डालकर बरम बनाने की खानापूर्ति की गई है। बरम न होने के कारण आए दिन खासकर दो पहिया वाहन सड़क से नीचे गिरकर दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे है। वहीं भारी वाहनों को भी मिट्टी का बरम न होने के कारण दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि कइं बार विभागीय अधिकारियों को सड़क के साइडों में मिट्टी डलवाने के लिए कहा गया। मगर अधिकारियों द्वारा उनकी मांग की तरफ ध्यान नहीं दिया गया है। जिससे लोगों को दिक्कत का सामना न करना पड़े। उन्होंने मांग की है कि सरकार व प्रशासन सड़क के दोनो ओर मिट्टी डलवाकर बरम बनवाने का काम करे।

# मंदिर के ऊपर बना गुंबद ढहा और दीवारों में दरारें आईं

- रात को हुई बारिश में तेज धमाके के साथ मंदिर में गिरी आसमानी बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

छछरौली क्षेत्र के गांव लेदा खादर में बीती रात शिव मंदिर के ऊपर आसमानी बिजली गिर गई। जिससे मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही की हादसे के समय मंदिर में कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था वरना बड़ा हादसा हो सकता था। यमुनानगर के छछरौली क्षेत्र में बीती रात तेज बरसात हुई। इस दौरान आसमान में बिजली की तेज गड़गड़ाहट होती रही।

आसमानी बिजली करीब एक बजे अचानक से गांव लेदा खादर के बने शिव मंदिर के ऊपर गिर गई। इस दौरान मंदिर के ऊपर बना गुंबद पूरी तरह से ढह गया और मंदिर की दीवारों में दरारें आ गई। गांव लेदा खादर निवासी नरेंद्र दास ने बताया कि जब तेज आवाज से के साथ मंदिर के ऊपर आसमानी बिजली गिरी तो ऐसा लगा जैस बम फट गया हो। जब उन्होंने अन्य गांववासियों के साथ मंदिर में जाकर देखा तो मंदिर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था। मंदिर के ऊपर बना गुंबद टूट कर नीचे गिर गया था। इसके साथ ही मंदिर की दीवारें भी क्षतिग्रस्त थी। जब उन्होंने मंदिर के अंदर जाकर देखा तो मूर्तियां भी खंडित हो गई थी। उन्होंने बताया कि जिस समय मंदिर में आसमानी बिजली गिरी उस समय कोई व्यक्ति नहीं थी। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले गांव कलेसर में बने मंदिर में भी आसमानी बिजली गिरी थी। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में ऊंचे गुंबद और खुली जगहों पर बिजली गिरने की संभावना अधिक रहती है।



यमुनानगर। गांव लेदा खादर में शिव मंदिर के ऊपर गिरी आसमानी बिजली से क्षतिग्रस्त मंदिर। फोटो : हरिभूमि

# हम सभी को किसी न किसी रूप में गोमाता की सेवा करनी चाहिए

- पूर्व कैबिनेट मंत्री कवरपाल ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वीकृत 19 लाख 16 हजार 550 रुपये की ग्रांट का चेक गोशाला कमेटी छछरौली को सौंपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा के पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने छछरौली की गौशाला में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचकर संतो का आर्शीवाद लिया। उन्होंने मौके पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा छछरौली स्थित गौशाला के विकास एवं गौवंश की देखभाल हेतु स्वीकृत किए गए 19 लाख 16 हजार 550 रुपये के अनुदान का चैक गौशाला कमेटी को सौंपा। इस दौरान छछरौली के एसडीएम रोहित कुमार भी मौजूद रहे। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि हम सभी को किसी न किसी रूप में गौसेवा से जुड़ना चाहिए। यह केवल धार्मिक ही नहीं है। बल्कि मानवीय और पर्यावरणीय जिम्मेदारी भी है। भारतीय जनता पार्टी देश व प्रदेश में सबका साथ.सबका विकास नीति पर चलकर विकास कार्य करवा रही है। पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल ने कहा कि उन्होंने पिछले लगभग 11 साल में करोड़ों रुपये के विकास कार्य जगाधरी विधानसभा क्षेत्र में संपन्न करवाए गए हैं। अब भी वह जगाधरी विधानसभा क्षेत्र के सभी विकास कार्यों को प्राथमिकता से करवाएंगे। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को गौसेवा अवश्य करनी चाहिए। गौमाता से हमें दूध,घी,पनीर, लस्सी, क्रीम के साथ साथ गोबर व गौमूत्र की प्राप्ति होती है ।



यमुनानगर। छछरोली में आयोजित श्री मद्भागवत कथा में गोशाला के विकास के लिए चेक भेंट करते पूर्व कैबिनेट मंत्री कंवरपाल। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष गौरव गोयल, सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन कल्याण सिंह,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग,मंडल महामंत्री जगदीश धीमान, भाजपा नेता गुलशन अरोड़ा, मंडल आईटी प्रमुख आशीष गोयल, सरपंच प्रतिनिधि संजीव सैनी नंबरदार, गौशाला कमेटी के प्रधान कंवर भारती व अश्वनी गोयल आदि मौजूद रहे।

## जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में 10 केसों का हुआ निपटारा

- सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुमित्रा कादियान ने दी जानकारी

**यमुनानगर।** जिला जेल में लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें समाधान के लिए 10 केस रखे गए। सभी केसों का आपसी सहमती से निपटारा कर दिया गया। सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित्रा कादियान ने बताया कि यह लोक अदालत नियमित जेल लोक अदालत है जो हर महीने आयोजित की जाती है। इनमें उन मामलों का निपटारा किया जाता है जो लोक अदालत में निपटाए जाने के योग्य पाए जाते है। सीजेएम ने जेल में कैदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं की भी जांच की।



यमुनानगर। जिला जेल में आयोजित लोक अदालत में केसों की सुनवाई करते सीजेएम व अन्य। फोटो : हरिभूमि



यमुनानगर। न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में अध्यापकों को प्राथमिक उपचार का प्रशिक्षण देते हुए चिकित्सक।

## अध्यापकों को चिकित्सकों ने दिया प्राथमिक चिकित्सा का प्रशिक्षण

- प्रशिक्षण शिविर का स्कूल की प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया शुभारंभ

**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढ़ैल में वीरवार को प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर स्कूल के अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों को प्राथमिक चिकित्सा (फर्स्ट ऐड) का प्रशिक्षण दिया गया।

चिकित्सकों ने अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों को कोई घटना घटने पर तुरंत घायल को प्राथमिक उपचार करने के तरीके बताए गए। शिविर का शुभारंभ प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने किया। प्रधानाचार्या वाधवा ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर में यमुनानगर के ऋषिराम अस्पताल के चिकित्सकों डॉ. मोहिंद्र कुमार, डॉ. आशा चोपड़ा, डॉ. कमल बालीवान तथा उमेश आदि ने अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों को प्राथमिक उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी दी और उन्हें फर्स्ट एड के तरीके बताए। प्रधानाचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर का आयोजन करने का मुख्य उद्देश्य विद्यालय स्टाफ को आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत उपचार करने के तरीकों से अध्यापकों व स्टाफ सदस्यों को अवगत कराना रहा। ताकि किसी भी आकस्मिक दुर्घटना या स्वास्थ्य समस्या के समय बच्चों को तुरंत राहत पहुंचाई जा सके।



यमुनानगर। गुमथला राव राजकीय स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता के विजेता बच्चे अपनी पेंटिंग दिखाते हुए। फोटो : हरिभूमि

# कक्षा 11वीं की मनदीप कौर पेंटिंग प्रतियोगिता में अव्वल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

रादौर क्षेत्र के विभिन्न राजकीय स्कूलों में वीरवार को प्रधानमंत्री के जन्मदिन को लेकर चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के तहत पेंटिंग समेत विभन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

**गुमथला स्कूल में आयोजन :** सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गुमथला राव में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 11वीं की मनदीप कौर प्रथम, 12वीं का विकास दूसरे व 10वीं के प्रिंस तीसरे स्थान पर रहा। वहीं कनिका को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। विजेता विद्यार्थियों को मुख्यातिथि डॉ.शुभम सलूजा, श्याम मेहता व प्रधानाचार्य शिवकुमार धीमान ने सम्मानित किया।



यमुनानगर। राजकीय स्कूल कांजनू में बच्चों को सम्मानित करते आयोजक।

### विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया

वीरवार को रादौर क्षेत्र के गांव चमरोड़ी के राजकीय स्कूल, बकाना राजकीय स्कूल व कांजनू राजकीय स्कूल में पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आकर्षक पेंटिंग बनाकर दर्शकों को भाव विभोर कर दिया। मौके पर मुख्यातिथि के रुप में भाजपा के जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेडी ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्कूलों में पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित करवाना विद्यार्थियों के लिए काफी लाभप्रद है।

## जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन

# शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर करें समाधान : उपायुक्त

- उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की बैठक की अध्यक्षता, दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला सचिवालय में वीरवार को प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जनसंवाद, सीएम विंडों व समाधान शिविर में प्राप्त होने वाली शिकायतों के समाधान संबंधी कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने की। उन्होंने अधिकारियों को जन संवाद व मुख्यमंत्री शिकायत निवारण पोर्टल (सीएम विंडो)पर प्राप्त होने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय अवधि में समाधान सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि जनसंवाद, सीएम विंडों, समाधान शिविर, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशेष प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में शामिल हैं। मुख्यमंत्री समय समय पर मुख्यमंत्री स्वयं इसकी समीक्षा करते हैं। उन्होंने बताया कि पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत लोगों को इस योजना का लाभ दिया जा रहा है। पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के उपमंडल स्तर पर कैंप लगाए जाएं। ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ मिल सके। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि जिले में हैप्पी कार्ड 88 हजार आए थे। जिसमें से 95 प्रतिशत हैप्पी कार्ड लाभार्थियों को वितरित किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि जिला में नगर निगम और प्रशासन के सहयोग से स्वच्छता अभियान चलाए जा रहे हैं और लोगों को सफाई करने के लिए जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लोगों की शिकायतों के निपटान के लिए पारदर्शी और सुविधापूर्ण माध्यम अपनाया गया है । ताकि जनता की शिकायतों का शीघ्र निपटान सुनिश्चित किया जा सके। जिन विभागों में अधिक संख्या में शिकायतें लंबित हैं। उन्हें इन शिकायतों के जल्द निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ऐसे मामले जिनका समाधान राज्य मुख्यालय स्तर पर संभव है उसके लिए मुख्यालय से सम्पर्क करें और जहां कहीं उनके हस्तक्षेप की आवश्यकता है तो वह स्वयं भी इसमें सहयोग के लिए सदैव तत्पर हैं। उन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा, जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, गिरदावरी, ई.आफिस कार्यान्वयन, पशुपालन संबंधी मामले, मुख्यमंत्री अंत्योदय परिवार उत्थान योजना, स्वच्छता अभियान आदि के कार्यान्वयन पर भी विचार विमर्श किया और संबंधित अधिकारियों को जल्द से जल्द इन योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने के निर्देश दिए।




यमुनानगर। जिला सचिवालय में आयोजित प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए उपायुक्त पार्थ गुप्ता। फोटो : हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर अतिरिक्त उपायुक्त नवीन आहूजा, नगर निगम आयुक्त महाबीर प्रसाद, एसडीएम व्यासपुर जसपाल सिंह गिल, एसडीएम जागधरी विश्वनाथ, एसडीएम छछरौली रोहित कुमार, एसडीएम रादौर नरेन्द्र कुमार, नगराधीश पीयूष गुप्ता व डीआरओ तरूण सहोता आदि मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### स्वच्छता के महत्व के बारे किया जागरुक

**पिहोवा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर पिहोवा विधानसभा क्षेत्र के गाँधी नगर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगरपालिका प्रधान आशीष चक्रपाणि, मंडल अध्यक्ष प्रिंस मंगला, मंडल महामंत्री गुलशन शर्मा, जिला कष्ट निवारण समिति सदस्य डॉ. सतीश सैनी, साहिल सैनी और मंडल उपाध्यक्ष सुशील गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं, समाजसेवियों और नागरिकों ने भाग लिया।

### कथा में विष्णु पद धाम का किया वर्णन

**कुरुक्षेत्र।** पितृ पक्ष के पावन अवसर पर सेक्टर-3 में चल रही श्रीमद भागवत कथा में उपस्थित श्रद्धालु को भागवत प्रवक्ता कथा वाचक अनिल शास्त्री ने विष्णु पद धाम का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि देश के 52 शक्तिपीठों में तीन की महिमा तो अपरंपार बतलायी जाती है, इनमें कामाख्या असम के जननपीठ, मां मंगलागौरी गया के पालनपाठ व ज्वालामुखी हिमाचल प्रदेश के संहार पीठ के रूम में शास्त्र, पुराणों में वर्णित है. गयाधाम में गयासुर नामक दैत्य के तारक, उद्धारक के रूप में पालक ब्रह्म भगवान विष्णु का अवतार भी गयासुर के साथ-साथ समस्त प्राणियों के उद्धार के लिए हुआ।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन

**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में मनोविज्ञान विभाग के द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सात टीमों में, स्नातक विद्यार्थियों ने भाग लिया, प्रश्नोत्तरी का मुख्य विषय आधारभूत मनोविज्ञान था। जिसमें विभिन्न कक्षाओं एवं शिक्षण विषयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया, कार्यक्रम के प्रारंभ में विभागाध्यक्ष डॉ. सुरेशपराशर ने सभी विद्यार्थियों को सामान्य मानसिकता एवं विद्यार्थी जीवन में होने वाली मनोवैज्ञानिक समस्याओं के बारे में विस्तार से बताया, प्रोफेसर मोनिका ने कार्यक्रम का संचालन सफलतापूर्वक किया।

### रोटरी क्लब का रक्तदान शिविर 20 को

**शाहबाद।** रोटरी क्लब शाहाबाद मारकंडा द्वारा माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 20 सितम्बर 2025 को सरदार चानन सिंह घुम्मन मेमोरियल कॉलेज ऑफ एजुकेशन, नजदीक सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल, किशनगढ़ रोड़, शाहाबाद मारकंडा में लगाया जाएगा। इस शिविर में पी.जी.आई. चंडीगढ़ की विशेषज्ञ मेडिकल टीम रक्त संग्रह करेगी। शिविर का शुभारंभ प्रातः 9:00 बजे किया जाएगा। डॉ आर एस घुम्मन ने बताया कि यह शिविर समाज को रक्तदान के महत्व से जोड़ने और जरूरतमंद मरीजों की सहायता हेतु आयोजित किया जा रहा है।

## स्वच्छतम स्कूल, कॉलेज व संस्थान के लिए 100 अंकों की होगी प्रतियोगिता

# कुरुक्षेत्र को स्वच्छता का रोल मॉडल बनाने के लिए करें सहयोग : उपायुक्त

पायुक्त ने स्वच्छता के क्षेत्र में किए गए कार्यों का फीडबैक लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि कुरुक्षेत्र को स्वच्छता का रोल मॉडल बनाने के लिए हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेवारी समझकर अपना योगदान देना होगा। इस उपलब्धि को हासिल करने के लिए और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के संकल्प को पूरा करने के लिए स्वच्छता के यज्ञ में अपनी आहुति डालनी होगी। इतना ही नहीं स्वच्छता का यह अभियान 25 नवंबर तक नहीं अपितु लम्बे समय तक चलने वाला है। जब आम व्यक्ति अपने मुख से कहेगा कि कुरुक्षेत्र की स्वच्छता में बदलाव आया है तभी कुरुक्षेत्र को स्वच्छ कहा जा सकेगा। उपायुक्त नए लघु सचिवालय के सभागार में स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान के तहत कुरुक्षेत्र को स्वच्छता के क्षेत्र में रैंकिंग में नंबर वन के स्थान पर लाने के लिए शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्रिंसिपल व शिक्षकों की बैठक को सम्बोधित कर रहे थे।



कुरुक्षेत्र। शिक्षा विभाग के अधिकारियों, प्रिंसिपल व शिक्षकों को संबोधित करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### स्वच्छता हमारे जीवन का आधार

*उपायुक्त ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी सरकारी स्कूलों के प्रांगण, कमरों, शौचालयों, लाइब्रेरी और स्कूल के आस-पास के क्षेत्र की साफ सफाई करवाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता हमारे जीवन का आधार है। ऐसे में सभी को मिलकर स्वच्छता को निरन्तर जीवन शैली में अपनाकर सुखद माहौल बनाना है। इस स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान बनाने में प्रत्येक नागरिक का सहयोग जरूरी है। स्वच्छता केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह सभी प्रदेशवासियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने घर, अपनी गली, अपने मोहल्ले व वार्ड की सफाई रखते हुए सभी स्वच्छता के इस पुनीत अभियान में भागीदार बने। जिला में 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विशेष कार्यक्रम का आयोजित किया जाएगा। इस पाक्षिक कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सेवा की भावना को बढ़ावा देना और विकासात्मक पहलों को एक जन आंदोलन के रूप में आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि विशेष कार्यक्रम सामूहिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना का प्रतीक है, जिसका उद्देश्य प्रदेश के ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्थायी सकारात्मक प्रभाव पैदा करना है। उन्होंने कहा कि पूर्व सैनिकों की सक्रिय भागीदारी के साथ जिले में प्लास्टिक मुक्त अभियान और व्यापक स्वच्छता अभियान शुरू किया जाएगा। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा विभाग स्कूलों और कॉलेजों में निबंध लेखन, वाद-विवाद, चित्रकला, रंगोली और नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिताएं आयोजित करेगा। छात्र और शिक्षक स्वच्छता और नशा मुक्ति की शपथ भी लेंगे।*

### इस प्रकार निर्धारित किए जाएंगे अंक

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि स्वच्छतम स्कूल, कॉलेज व संस्थान के लिए 100 अंकों की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें कचरा मुक्त विद्यालय, स्कूल, कॉलेज व संस्थान के लिए 10 अंक निर्धारित किए गए है, सर्वश्रेष्ठ कचरा प्रबंधन अभ्यास पुरस्कार के लिए 20 अंक, व्यक्तिगत स्वच्छता एवं स्वच्छता पुरस्कार के लिए 20 अंक, स्वच्छता नवाचार पुरस्कार के लिए 15 अंक, वेस्ट टू वंडर प्रतियोगिता पुरस्कार के लिए 15 अंक, सामुदायिक एवं छात्र सहभागिता के लिए 20 अंक निर्धारित किए है।

### सर्वश्रेष्ठ वार्ड को भी मिलेगा सम्मान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि नगर परिषद और नगर पालिकाओं में नगर पार्षद के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। इन सभी वार्डों में से सर्वश्रेष्ठ नप और नपा के वार्ड को सम्मानित किया जाएगा।

### प्रत्येक श्रेणी के लिए निर्धारित किए 3 पुरस्कार

उपायुक्त ने कहा कि स्कोरिंग के आधार पर प्रत्येक श्रेणी के लिए 3 पुरस्कार निर्धारित किए गए है। आदर्श स्वच्छता विद्यालय, आदर्श स्वच्छता स्कूल, कॉलेज व संस्थान के लिए स्वर्ण, उभरता हुआ स्वच्छता चैम्पियन के लिए रजत, उपविजेता स्वच्छता चैम्पियनशिप के लिए कांस्य पदक मिलेगा।

### राजकीय कार्यालयों के सर्वश्रेष्ठ को भी मिलेगा सम्मान

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि राजकीय कार्यालयों के बीच भी स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम को लेकर प्रतियोगिता करवाई जाएगी। इस प्रतियोगिता में राजकीय कार्यालय के प्रांगण, कमरों, शौचालयों व आस पास के क्षेत्र की साफ सफाई के लिए स्वच्छता के क्षेत्र में प्रथम आने वाले राजकीय कार्यालय को सर्वश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित भी किया जाएगा।

## धान व बाजरा की खरीद जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने की सांकेतिक भूख हड़ताल





कुरुक्षेत्र। भूख हड़ताल पर बैठे भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी व अन्य।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

धान व बाजरा की खरीद जल्द से जल्द शुरू करवाने की मांग को लेकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने वीरवार को लघु सचिवालय पर सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक सांकेतिक भूख हड़ताल रखी। भूख हड़ताल में भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरनाम सिंह चढ़ूनी, प्रवक्ता राकेश बैंस, कर्म सिंह मथाना सहित कई कार्यकर्ता शामिल रहे। इस अवसर पर भाकियू ने सीएम के नाम ज्ञापन भी सौपा। इस समय बाजरे की फसल समय से तैयार हो चुकी है और मंडियों में आवक भी शुरू हो गई है, लेकिन अभी तक सरकारी खरीद प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हुई है। सरकारी खरीद में देरी के कारण किसानों को अपनी उपज औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे हमें आर्थिक नुकसान झेलना पड़ रहा है।

### प्रमुख मांगें

*मंडियों में बाजरे का भाव न्यूनतम समर्थन मूल्य से काफी नीचे मिल रहा है। आपसे विनती है की बाजरे की सरकारी खरीद तत्काल शुरू करवाई जाए। आपसे 10 सितंबर को हुई किसान शिष्टमंडल वार्ता में उपरोक्त बिन्दुओ से पूर्ण रूप से अगवत करवा दिया था आपसे पुनः विनती है कि दोनों फसलो की सरकारी खरीद तत्काल शुरु करवाई जाए अन्यथा यदि शीघ्र ही उचित कार्रवाई नहीं की गई तो हम बाध्य होकर राज्यभर के किसानों के साथ लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण तरीके से मुख्यमंत्री आवास का घेराव करने, धरना देने और आंदोलन तेज करने के लिए विवश होंगे जिसकी तमाम जिम्मेदारी सरकार / प्रशासन की होगी। ई- क्षतिपूर्ति पोर्टल 30 सितम्बर 2025 तक खोला जाए।*

# स्वच्छता अभियान की ली शपथ

- सेवा ट्रस्ट ने सफाई कर्मी महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

सेवा ट्रस्ट यूके भारत द्वारा वार्ड 28 न्यू लक्ष्मण कालोनी नजदीक जय भारती स्कूल के पास स्वच्छता प्रहरीयों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में सफाई कर्मी सभी महिलाओं को डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ। कार्यक्रम के दौरान सेवा ट्रस्ट के जिला कोआर्डिनेटर पवन मित्तल ने अपने वार्ड शहर को साफ और सुंदर बनाने के लिए अपने विचार सांझा किए।



### शहर के सौंदर्यीकरण का संदेश दिया

*इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वच्छता ही सेवा को एक आंदोलन बनाने के लिए प्रेरित किया उन्होंने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजो की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर शहर के सौन्द्रीयकरण का संदेश दिया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट के जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल ने सभी को हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में योगेश गर्ग व तेजस मित्तल ने आम नागरिकों को स्वच्छ कुरुक्षेत्र मेरा कुरुक्षेत्र मेरा अभिमान कार्यक्रम के साथ जुड़कर गली मौहल्ले को स्वच्छ बनाने को प्रेरित किया। इस मौके पर वार्ड की सभी सफाई कर्मी उपस्थित रहे।*

### युवतियों को दिया आत्मरक्षा का प्रशिक्षण

**कुरुक्षेत्र।** मथाना के विवेकानन्द सीनियर सैकेण्डरी स्कूल में गुरुकुल के योग प्रशिक्षकों द्वारा बेटियों को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त हेतु जूड़ो-कराटे, लाठी और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण वेद प्रचार के तहत होने वाले सात दिवसीय योग एवं जीवन निर्माण शिविर में आर्यमित्र एवं संजय आर्य द्वारा दिया गया। बता दें कि गुरुकुल कुरुक्षेत्र द्वारा विगत कई वर्षों से हरियाणा भर में युवाओं के जीवन निर्माण, भारतीय जीवन मूल्यो और वैदिक ज्ञान के प्रचार-प्रसार का पुनीत कार्य महामहिम राज्यपाल आचार्य श्री देवव्रत जी के ओजस्वी मार्गदर्शन में किया जा रहा है। इसी के तहत मथाना में यह शिविर लगाया गया जिसका बृहस्पतिवार को भव्य समापन हुआ।

# सभी प्रभारी अपने-अपने कार्यालयों में चलाएं सफाई अभियान : सेतिया

- उपमंडल कार्यालय परिसर में एसडीएम कार्यालय के स्टाफ ने श्रमदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लाडवा

एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री की विधानसभा स्वच्छता के मामले में अव्वल स्थान पर रहनी चाहिए। इसके लिए सभी विभागों के कार्यालय प्रभारी अपने-अपने कार्यालय में सफाई अभियान चलाकर कार्यालय को स्वच्छ बनाएं। कार्यालय परिसर में एसडीएम कार्यालय के स्टाफ द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत श्रमदान किया।



लाडवा। एसडीएम कार्यालय के बाहर सफाई करते कर्मचारी।

### नागरिक कचरे के डस्टबिन का करें प्रयोग

*सभी अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने-अपने कक्ष की साफ-सफाई की और साथ ही परिसर की भी सफाई करवाई जाएगी। अधिकारियों व कर्मचारियों ने स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली। एसडीएम पंकज सेतिया ने कहा कि मुख्यमंत्री ने प्रदेश में हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान चलाया हुआ है। इस अभियान को लाडवा विधानसभा में भी लागू किया गया है। जिसके तहत नगर पालिका की टीम लगातार शहर के अलग-अलग एरिया में रोजाना सफाई कर रही है। साथ ही वहां के नागरिकों और दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक कर रही है। नागरिकों को कचरे के डस्टबिन का प्रयोग करना चाहिए।*

## पाकिस्तान धार्मिक यात्रा से प्रतिबंध हटाए सरकार : हरमनप्रीत सिंह



**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमैंट कमेटी के मैंबर एवं अकाल पंथक मोर्चा के नेता हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि पाकिस्तान में सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन हेतु जाने वाली संगत के जत्थे पर रोक लगाना सरासर अनुचित है। यह धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला निर्णय है। उन्होंने जारी प्रैस विज्ञप्ति में कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार को अपने इस निर्णय पर पुन विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश की सुरक्षा से समझौता नहीं किया जा सकता, लेकिन गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन करने के लिए जाने वाले धार्मिक यात्रा के जत्थों पर प्रतिबंद लगाना भी उचित नहीं है। इस मामले पर भाजपा सरकार को पुर्नविचार करते हुए पाकिस्तान धार्मिक यात्रा पर लगाई गई रोक हटा देनी चाहिए। हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि श्री गुरु नानक देव जी महाराज के प्रकाश पर्व पर नवंबर महीने में पाकिस्तान में सुशोभित गुरुद्वारा साहिबान के दर्शन के लिए हरियाणा के विभिन्न जिलों की संगत ने जाना था। संगत को आशा थी कि पाकिस्तान और भारत में बने हालातों का असर धार्मिक यात्रा पर नहीं पड़ेगा, लेकिन सरकार ने संगत की धार्मिक भावनाओं की परवाह न करते हुए धार्मिक यात्रा पर रोक लगा दी है। यही नहीं, श्री करतारपुर साहिब गलियारे को भी बंद करना सरकार का दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है।

## युवाओं के लिए मैजिक बिलियन के विशेष सत्र का आयोजन

# जर्मन भाषा सीखने से वैश्विक अवसरों के खुलेंगे द्वार : धर्मवीर

हरिभूमि न्यूज. ▶▶| कुरुक्षेत्र

सांसद नवीन जिन्दल की पहल पर, नवीन जिन्दल फाउंडेशन द्वारा संचालित कुरुक्षेत्र इंटरनेशनल स्किल सेंटर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मैजिक बिलियन संस्था ने युवाओं को जर्मन भाषा सीखने के महत्व और इसके जरिए खुलने वाले अंतर्राष्ट्रीय अवसरों से अवगत कराया गया। इस प्रेरणादायक सत्र का मुख्य उद्देश्य प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे युवाओं में आत्मविश्वास जगाना और उन्हें यह विश्वास दिलाना था कि विदेशी भाषा का ज्ञान उनके करियर के लिए नये द्वार खोल सकता है। इस कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं को प्रशिक्षण किट भी प्रदान की गई। इस अवसर पर सांसद नवीन जिन्दल के कार्यालय प्रभारी धर्मवीर सिंह ने कहा कि सांसद नवीन जिन्दल युवाओं को जर्मन भाषा के माध्यम से रोजगार के नये अवसर प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। जर्मन भाषा सीखने से युवाओं के लिए वैश्विक अवसरों का मार्ग खुलेगा। बसब बनर्जी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में जर्मन भाषा सीखना केवल एक अतिरिक्त योग्यता नहीं, बल्कि यह युवाओं के लिए यूरोप समेत अनेक देशों में रोजगार और शिक्षा के अवसरों का पासपोर्ट है।



## श्रीराम हनुमान रामलीला समिति ने निकाली शोभा यात्रा



**लाडवा।** शहर की धार्मिक मंचीय संस्था श्री राम हनुमान रामलीला समिति द्वारा शोभा यात्रा निकाली गई। समिति के सचिव हेमंत सैनी ने जानकारी देते हुए बताया कि समिति द्वारा 18 सितंबर से प्रारम्भ हो रहे रामलीला मंचन के उपलक्ष्य में भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी जिसमें भगवान राम, लक्ष्मण व हनुमान जी की झांकी अत्यंत दर्शणीय रही। शोभा यात्रा का शुभारम्भ वार्ड 12 की पार्षद मधु सैनी ने भगवान राम की आरती कर व झंडी दिखा कर किया। समिति के प्रधान राजेश वर्मा ने शोभा यात्रा का उद्देश्य बताते हुए कहा कि समिति द्वारा प्रारम्भ किए जा रहे रामलीला मंचन के निमंत्रण देने के उद्देश्य से शोभा यात्रा का आयोजन किया गया ताकि पुरे क्षेत्र को इसकी जानकारी मिल सके। शोभा यात्रा प्राचीन नगर खेड़े से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गों से होती हुई ठाकुरी देवी स्कूल के बाहर रामलीला मंच पर सम्पूर्ण हुई।



लाडवा। समारोह का निमंत्रण पत्र दिखाते हुए सभा के सदस्य।

## 22 सोमवार को शिवाला राम कुंडी में अग्रसेन जयंती पर होगा भव्य समारोह: विकास सिंघल

**लाडवा।** लाडवा में महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह के निमंत्रण पत्र का विमोचन वीरवार को लाडवा अनाज मंडी में किया गया। महाराजा अग्रसेन जयंती इस वर्ष 22 सितंबर को धूमधाम के साथ मनाई जाएगी। जयंती समारोह की तैयारी को लेकर श्री अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला इकाई , युवा इकाई पूरे उत्साह के साथ लगे हुए हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए श्रीअग्रवाल सभा लाडवा के प्रधान विकास सिंघल ने बताया कि महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री माननीय नायब सिंह सैनी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे वही कुरूक्षेत्र के सांसद नवीन जिंदल कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे । उन्होंने बताया कि हिमाचल भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डा. राजीव बिंदल कार्यक्रम में विशिष्ट आमंत्रित अतिथि के रूप में भाग लेंगे। समारोह के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए जयंती आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील गर्ग ने बताया कि 20 सितंबर शनिवार से शहर में दो दिवसीय प्रभातफेरी का आयोजन किया जाएगा। 22 सितंबर सोमवार को शिवाला राम कुंडी में अग्रसेन जयंती का मुख्य समारोह होगा।

**कार्यक्रम** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर का समापन समारोह

# संस्कृत भाषा से ही हमारी संस्कृति बची रहेगी : धीमान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें संस्कृत भाषा में निहित हैं। यदि हमें परंपराओं, आयुर्वेदिक शास्त्रों और धरोहर को संरक्षित रखना है तो संस्कृत का गहन अध्ययन जरूरी है। वे आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग द्वारा आयोजित 10 दिवसीय संस्कृत संभाषण शिविर के समापन समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर आयुर्वेद अध्ययन एवं अनुसंधान संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता, आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग के अध्यक्ष प्रो. कृष्ण कुमार, सहायक प्रोफेसर सीमा रानी, व संस्कृत शिक्षक अंकित समेत अन्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सुश्रुत संहिता, चरक संहिता और वाग्भट्ट संहिता जैसे आयुर्वेदिक ग्रंथों को समझने के लिए संस्कृत का ज्ञान अनिवार्य है। संस्कृत में दक्ष विद्यार्थी ही अच्छे वैद्य और शिक्षक बन सकते हैं।



कुरुक्षेत्र। विद्यार्थियों को संबोधित करते कुलपति प्रो . वैद्य करतार सिंह धीमान।

### संस्कृत हमारी मातृभाषा : शास्त्री

*वहीं,संस्कृत भारती हरियाणा न्यास के अध्यक्ष रामनिवास शास्त्री ने कहा कि संस्कृत हमारी मातृभाषा है। इसे अपनाकर ही हम अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रह सकते हैं। संस्कृत केवल धार्मिक नहीं, बल्कि जीवन जीने की भाषा है। कहा कि आज की पीढ़ी अगर संस्कृत से दूर हो रही है तो इसका अर्थ है कि हम अपनी संस्कृति और परंपराओं से दूरी बना रहे हैं। इस 10 दिवसीय शिविर में विद्यार्थियों को संस्कृत बोलने और समझने का प्रशिक्षण दिया गया और उन्होंने इसे जीवन में अपनाने का संकल्प*

### विद्यार्थियों को किया प्रेरित

*प्रो. धीमान ने स्पष्ट किया कि आयुर्वेद के प्राचीन ग्रंथ जैसे सुश्रुत संहिता, चरक संहिता और वाग्भट्ट संहिता को सही मायने में समझने और उनका गहराई से अध्ययन करने के लिए संस्कृत का ज्ञान अत्यंत आवश्यक है। यदि विद्यार्थी संस्कृत में दक्ष होंगे तो वे बेहतर वैद्य (आयुर्वेदिक चिकित्सक) और शिक्षक के रूप में समाज की सेवा कर सकेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि संस्कृत भाषा को आत्मसात करने के लिए निरंतर अभ्यास और सतत मेहनत जरूरी है।*

### संस्कृत एक वैज्ञानिक संरचना

*कार्यक्रम के मुख्य वक्ता कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के प्रो. ललित कुमार गौड़ ने संस्कृत की वैज्ञानिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसकी व्याकरण प्रणाली इतनी सटीक है कि इसे कंप्यूटर भाषा में भी अपनाया जा सकता है। संस्कृत ग्रंथों में गणित, खगोल शास्त्र और चिकित्सा का प्रामाणिक ज्ञान निहित है। उन्होंने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा नहीं, बल्कि एक वैज्ञानिक संरचना है। प्रो. गौड़ ने बताया कि ऋग्वेद सबसे प्राचीन कृति है, जिसमें सृष्टि की उत्पत्ति का विस्तृत वर्णन मिलता है।*

## खबर संक्षेप

### धान के अवशेष जलाने पर प्रतिबंध

**अंबाला।** उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने धान की फसल के अवशेषों में आग लगाने से होने वाले प्रदूषण व आगजनी की संभावना रोकने हेतू भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत धान अवशेषों के जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। इसके तहत जिला में धान की फसल की कटाई के बाद बचे अवशेषों के जलाने पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगाया हैं। प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले पर कार्रवाई होगी।

### स्वच्छता अभियान के तहत छात्रों को किया जागरुक

**अंबाला।** हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 (24 अगस्त से 7 नवंबर तक) के तहत नगर परिषद् अम्बाला सदर द्वारा बीडी सीनियर सैकेंडरी स्कूल एवं राजकीय माध्यमिक स्कूल, हाउसिंग बोर्ड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यकारी अधिकारी देवेंद्र नरवाल के निर्देशानुसार छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक, थर्माकोल और प्लास्टिक कचरे के हानिकारक प्रभावों के बारे में समझाया गया।

### चूरापोस्त और ट्रक सहित आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना पड़ाव के एरिया में लवली ढाबा मोहडा के पास से नशा तस्करी के मामले में एएनसी ने सूचना के आधार पर 8 किलो 250 ग्राम चूरापोस्त जब्त किया है। इस मामले में में पुलिस ने धन्यौड़ा गांव के रहने वाले संदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपी को चार दिन के रिमांड पर लिया गया है। एएनसी को सूचना मिली थी कि आरोपी मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर नाकाबंदी बंद उसे ट्रक समेत काबू किया गया।

### चोरी के मामले में गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी वरूण उर्फ बन्नी को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। पीड़ति महिला ने 12 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी वरूण उर्फ बन्नी ने उसके घर से 50 हजार रूपये की नकदी चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

# जलभराव प्रभावित लोगों की सेवा करने वाली संस्थाओं को मिला सम्मान

- संस्थाओं द्वारा हमेशा ही जिला प्रशासन को जो सहयोग किया जाता है वह भी काबिले तारीफ हैं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बीते दिनों जलभराव के दृष्टिगत समाजसेवी संस्थाओं व स्वयंसेवकों द्वारा आगे आकर जरूरतमंद लोगों की सहायता करने वाले लोगों को अपने कार्यालय में सम्मानित किया। इस मौके पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी के सचिव विजय लक्ष्मी ने उपायुक्त को पुष्पगुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया।

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने सभी संस्थाओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि संस्थाओं ने जलभराव के समय आगे आकर जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए जो कार्य किए वे बेहद सराहनीय है। संस्थाओं द्वारा हमेशा ही जिला प्रशासन को जो सहयोग किया जाता है वह भी काबिले तारीफ हैं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों भारी वर्षा के चलते जलभराव की स्थिति उत्पन्न हो गई थी जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में पानी भर गया था। उसके कारण वहां पर रहने वाले लोगों को घरों से सुरक्षित निकालकर धर्मशालाओं में आश्रय दिया गया। इस कार्य में जहां जिला प्रशासन ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई वहीं संस्थाओं व स्वयंसेवकों ने भी आगे आकर अपना अहम योगदान दिया है। देश की परंपरा है कि हम सब एक हैं और मानवता की सेवा करना हमारा धर्म हैं। इस कार्य को इन संस्थाओं व स्वयंसेवकों द्वारा बखूबी निभाया गया है। उन्होंने आपदा के समय संस्थाओं द्वारा दिए गए सहयोग के लिए उनका तहे दिल से भी धन्यवाद किया।

## डीसी ने मुश्किल की घड़ी में सहयोग के लिए जताया आभार

उपायुक्त ने संस्थाओं के प्रतिनिधियों व स्वयंसेवकों को कहा कि जब भी उन्हें प्रशासन की कोई सहायता चाहिए होगी वे उन्हें उपलब्ध करवाने का काम करेंगे। उन्होंने आशा व्यक्त की कि आगे भी संस्थाएं इसी प्रकार प्रशासन का सहयोग करेंगी। इस अवसर पर जिला रेडक्रॉस सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी ने उपायुक्त को अवगत करवाते हुए बताया कि जिले में सामाजिक व धार्मिक संस्थाएं हमेशा ही आगे आकर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। आपदा के समय भी इन संस्थाओं ने अपना योगदान देकर जिला प्रशासन का सहयोग दिया।



### जलभराव के दौरान अतुलनीय सेवा के लिए संस्थाओं व स्वयंसेवकों का सम्मान

उपायुक्त ने इस मौके पर जलभराव के समय अतुलनीय कार्य करने वाली संस्थाओं व स्वयंसेवकों को प्रमाण पत्र व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इनमें गुरूद्वारा श्री पंजोखरा साहिब, गुरुद्वारा श्री मंजी साहिब, सनातन मंच सेवा सभा, रक्षा सेवा समिति, गांव लाहा से श्री साहिब दयाल जी सुलाकू सत्संग ट्रस्ट, श्री हरगोबिंद साहिब सोसायटी के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया। इसके अलावा संजय शुक्ला, टीपी सिंह, हरविंद्र सिंह, जसपाल सिंह व ललित बिंद्रा शामिल हैं। इस मौके पर प्रशिक्षण अधिकारी मनोज सैनी के साथ-साथ अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

## कांग्रेसी बोले अफसरों का करेंगे मुंह काला

# कुम्हार मोहल्ले में नाले के निर्माण को लेकर विरोध में उतरे लोग

*बरसाती सीजन में ओवरफ्लो हो जाता है नाला, लोगों का आरोप नाला ओवरफ्लो होने से घरों में घुसता है गंदा पानी*

**लोगों का आरोप है कि कई बार निगम में जाकर कमिश्नर और अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन मामले में कोई समाधान नहीं किया जा रहा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के कुम्हार मोहल्ले के लोग सड़क पर आकर नगर निगम के खिलाफ धरने पर बैठ गए। इस दौरान कांग्रेस नेता भी इन लोगों के साथ सड़कों पर उतर आए और नगर निगम के अधिकारियों को लेकर नारे लगाए। कुम्हार मोहल्ले में नगर निगम द्वारा नाले का पुनः निर्माण कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों की मांग है कि नाले को साफ कर चौड़ा बनाया जाए लेकिन, नगर निगम द्वारा नाले में पाइप डालकर बनाया जा रहा है। जिसके स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं। लोगों का आरोप है कि कई बार निगम में जाकर कमिश्नर और अन्य अधिकारियों से मिल चुके हैं, लेकिन मामले में कोई समाधान नहीं किया जा रहा है। जिस वजह से सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया है। इस दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंची और लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन, लोगों ने पुलिस की बात नहीं मानी और नारेबाजी तेज कर दी। वहीं, इस दौरान नगर निगम से कोई अफसर लोगों से बात करने नहीं पहुंचे। लोगों ने बताया कि यह नाला बरसात के दिनों में ओवरफ्लो हो जाता है। पिछले कई सालों से इस नाले को गहरा और चौड़ा कराने की मांग थी। लेकिन यह पूरी नहीं हो सकी। अब नगर निगम द्वारा ये कार्य कराया जा रहा है तो नियमों के विरुद्ध काम किया जा रहा है। यह सरासर गलत है।



**अंबाला।** निगम अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

### नाले के निर्माण को लेकर कांग्रेस नेताओं का विरोध अधिकारियों पर दुर्व्यवहार का आरोप

नाला बरसात के समय में काफी तेज बहता है। पानी सड़कों पर आ जाता है। जो कई कई दिनों तक सड़कों पर ही रहता है। जिससे आम जनजीवन और व्यापार बुरी तरह प्रभावित होता है। इस मामले में कांग्रेस नेता भी स्थानीय लोगों के समर्थन में उतर आए और कहा कि यदि नाले का निर्माण लोगों के ही पैसों से होता है तो लोगों की मांग के अनुसार इसको बनाया जाना चाहिए लेकिन, निगम के अधिकारी आम लोगों की सुनते नहीं है। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेता विनोद धीमान ने कहा कि हमारे लोग निगम अधिकारियों से मिलने जाते हैं तो वे दुर्व्यवहार करते हैं। जोकि बहुत गलत तरीका है। अगर ऐसा ही ये करेंगे या आम जनता से ठीक से बात नहीं करेंगे तो इन अधिकारियों का मुंह काला करने का काम किया जाएगा।

### अधिकारियों व उनके समर्थनकर्ताओं को चेतावनी

कांग्रेस नेता विनोद धीमान ने उन्होंने आगे कहा कि इनके साथ ही जिनके इशारे पर ये अधिकारी काम कर रहे हैं हम उनका भी मुंह काला करने का काम करेंगे। चूंकि जो काम जनता के लिए है वो जनता के लिए ही होना चाहिए।

# चार स्कूलों को निजी बैंक की ओर से उपलब्ध करवाए वाटर टैंक व कूलर

- डीईओ की ओर से शाखा प्रबंधक के साथ सहयोगियों को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के आईडीबीआई बैंक द्वारा चार स्कूलों को वाटर कूलर, वाटर टैंक, टाट-पट्टी, स्टील अलमारी, ड्यूल डेस्क, कुर्सियां और सीलिंग फैन उपलब्ध करवाने के लिए डीईओ सुधीर कालड़ा ने शाखा प्रबंधक सुनील गोयल और उनके सहकर्मी अमित मगो को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सुधीर कालड़ा ने इस अवसर पर बताया कि हालांकि शिक्षा विभाग द्वारा आजकल सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर सुविधाएं देने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार की अनुदान राशियां जारी की जाती हैं लेकिन फिर भी सरकारी स्कूलों में ओर अधिक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए समाजसेवी संस्थाओं, औद्योगिक इकाइयों और बैंकों इत्यादि को सीएसआर फंड यानि कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड के माध्यम से स्कूलों की सहायता करने के लिए आग्रह किया जाता है। इसी कड़ी में चार स्कूलों से प्राप्त मांग पत्र के आधार पर बैंक की अंबाला शहर शाखा के प्रबंधक सुनील गोयल को इन स्कूलों की सहायता करने का आग्रह किया गया था। उन्होंने तुरंत उनकी मांग को मान लिया और इन स्कूलों की मांग के अनुसार राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंबर 3 बी को वाटर टैंक, राजकीय प्राथमिक पाठशाला नंबर 7 को आरओ एवं वाटर कूलर, राजकीय प्राथमिक पाठशाला मोती नगर को स्टील अलमारी और टाट-पट्टी तथा पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मोहड़ी भानोखेड़ी को कुर्सियां, ड्यूल डेस्क, स्टील अलमारी और छत के पंखे इत्यादि सामान उपलब्ध करवा दिया गया है।



**अंबाला।** स्कूल को भेंट किए गए वाटर कूलर के साथ शाखा प्रबंधक व डीईओ सुधीर कालड़ा।

### महिलाओं में बीपी, शुगर व अन्य बीमारियों की हुई जांच

**शहजादपुर।** सीएचसी के तहत सभी पीएचसी शहजादपुर, धनाना, पतरेहड़ी में सशक्त नारी सशक्त परिवार के तहत कैंपों का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बच्चों, किशोर अवस्था, बेटियां, महिलाएं व गर्भवती महिलओं के स्वास्थ्य की जांच की गई। उनके जरूरी लैब टेस्ट किए गए। सीएचसी के एसएमओ डॉ. गुरप्रीत सिंह ने बताया कि एनसीडी कार्यक्रम के तहत महिलाओ में रक्तचाप, मधुमेह और मोटापा तथा कैंसर इत्यादि बीमारियो की स्क्रीनिंग की गई। सभी महिलाओं को इन बीमारियों से बचने एवं रोकथाम के लिए हेतु विस्तार से जानकारी दी गई।



**शहजादपुर।** कैंप के दौरान जांच करते चिकित्सक व स्टाफ कर्मचारी।

# बुजुर्गों को इम्यूनिटी बूस्टर की 37 किटें वितरित

- बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं, उनका ख्याल रखना हम सबकी जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर

सेवा ट्रस्ट यूके (भारत) के चेयरमैन नरेश मित्तल ने वीरवार को डेहरी मोड़ पर स्थित मोक्ष वृद्धाश्रम में वृद्धों से मुलाकात की। उन्होंने वहां रह रहे वृद्धजनों का कुशलक्षेम जाना व आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बुजुर्ग हमारे समाज की धरोहर हैं, उनका ख्याल रखना हम सबकी जिम्मेदारी है।

मित्तल ने यह भी कहा कि बुजुर्ग न सिर्फ हमें अपना आशीर्वाद देते हैं बल्कि जीवन के अनुभव भी सांझा करते हैं, जो हमारे जीवन को सही दिशा दिखाते हैं। मित्तल ने वृद्धजनों को उनकी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए इम्यूनिटी बूस्टर की 37 किटें वितरित की।

इन किटों में नारियल तेल, जूस, नारियल पानी और शहद शामिल थे। उन्होंने आश्वासन दिया कि वृद्धजनों को किसी भी प्रकार की वस्तु की कमी नहीं होने दी जाएगी। चेयरमैन मित्तल ने कहा कि समय-समय पर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए जाएंगे और जरुरी दवाइयां भी उपलब्ध करवाई जाएंगी, ताकि किसी बुजुर्ग को स्वास्थ्य संबंधी परेशानी का सामना न करना पड़े।



**शहजादपुर।** बुजुर्गों को सामान भेंट करते हुए चेयरमैन व अन्य।

# 199 एकड़ जमीन के स्थानांतरण का मामला लटका, नए सिरे से होगा सर्वे

- जमीन अधिग्रहण को लेकर 2018 से चल रही है प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सैन्य क्षेत्र लगभग 199 एकड़ जमीन के स्थानांतरण का मामला लटक गया है। नए सिरे से इसका सर्वे करने का फैसला किया गया है। यह सर्वे रक्षा संपदा विभाग द्वारा किया जाएगा। इस सिलसिले में शुक्रवार को अहम बैठक हुई। इसमें हरियाणा की तरफ से अतिरिक्त वित्त सचिव और रक्षा मंत्रालय के अधिकारी मौजूद रहे। इससे पूर्व राज्य सरकार ने अंबाला छावनी के सेन्य क्षेत्र का सर्वे तैयार किया था और इसके आधार पर ही जमीन के अधिग्रहण की रुपरेखा तैयार की गई थी जोकि सिरे नहीं चढ़ पाई थी। अंबाला छावनी के तोपखाना परेड, दुधला मंडी, गुलाब मंडी व कालीपलटन पुल के पास के हिस्से के अधिग्रहण को लेकर वर्ष 2018 से प्रक्रिया चल रही है। 9 साल बीत जाने के बाद भी यह प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई, हालांकि इस संबंध में पूर्व में कई बैठकें भी हो चुकी हैं। बावजूद इसके समस्या के स्थाई समाधान को लेकर न तो राज्य सरकार खाका तैयार कर पाई है और न ही सेना। इसलिए यह मामला आजतक लंबित है और इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है जोकि भूमालिक बनने की बाट जोह रहे हैं। तोपखाना परेड सहित अन्य जमीन को नगर परिषद में शामिल करने के लिए राज्य सरकार की तरफ से पुरजोर प्रयास किए गए।

# डांस में जेसिका ने पाया प्रथम स्थान

- दो दिवसीय टैलेंट हंट शो का रंगारंग समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में दो दिवसीय टैलेंट हंट शो का रंगारंग समापन हो गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एसडीएम विनेश कुमार ने विजेताओं को सम्मानित किया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा व काउंसिल सदस्यों ने मुख्य अतिथि के कॉलेज पहुंचने पर उनका स्वागत किया।

एसडीएम विनेश कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्रों के अंदर छिपे हुए टैलेंट को तलाशने का कारगर साधन है। उन्होंने छात्रों से आह्वान करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ साथ सांस्कृतिक गतिविधि, खेल व अन्य गतिविधियों में भाग लेना चाहिए। इससे चरित्र में निखार आता है।




प्रिंसिपल डॉ. देसराज बाजवा ने सफल आयोजन के लिए कल्चरल कमेटी की कन्वीनर डॉ. पूनम राजौरा व उनकी टीम को बधाई दी। मंच संचालन डॉ. रामकुमार व डॉ. तंजुम कांबोज ने किया। कल्चरल कमेटी कन्वीनर डॉ. पूनम राजौरा ने बताया कि डांस में जेसिका पहले, सिमरन दूसरे व खुशी तीसरे स्थान पर रही। भाषण में निशिका को पहला, कनिका को दूसरा व प्रियंका को तीसरा स्थान मिला। कविता पाठ में शकुन पहले, रितिका दूसरे व मोहित तीसरे स्थान पर रहा। पेंटिंग में वंश पहले, भूमि दूसरे व स्नेहा तीसरे स्थान पर रही। वादन में विजेंदर को पहला वंश को दूसरा व अदिति को तीसरा स्थान मिला। मोनो एक्टिंग में तरनजीत पहले, रितिका दूसरे स्थान पर रही।

### शहर में किसी भी प्रकार का अपराध व अपराधी को पनपने नहीं दिया जाएगा : जगदीश चंद

**लाडवा।** लाडवा थानाध्यक्ष ने लाडवा को अपराध व अपराधी मुक्त बनाने के लिए वीरवार को लाडवा पुलिस थाना में तैनात पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक बुलाई। बैठक में सभी को सख्त आदेश जारी करते हुए कहा कि शहर में किसी भी प्रकार का अपराध व अपराधी को पनपने नहीं दिया जाएगा। इसके लिए सभी पुलिस कर्मी अपनी ड्यूटी को पुरी लगन व इमानदारी से निभाएं और जनता से तालमेल बढ़ाए, ताकि जनता के सहयोग से बढ़ते अपराध को रोका जा सके। शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की जिम्मेवारी है। इससे पूर्व थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर जगदीश चंद ने लाडवा में लगाए गए पुलिस नाकों की चेकिंग की तथा पुलिस नाकों पर तैनात पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में सब इंस्पेक्टर मूल चंद, ए.एस.आई. संजीव कुमार, प्रवेश कुमार, सुरेश कुमार, महिंद्र सिंह, एस.ए.प्रदीप कुमार सहित अनेक पुलिस कर्मी मौजूद थे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## एसडीएम के आदेश पर नगरपालिका की ओर से शुरू की गई सुविधा

# एक कॉल पर होगी सफाई-स्ट्रीट लाइट की समस्या का समाधान

- एसडीएम ने नपा सचिव को निर्देश दिए कि संबंधित कर्मचारियों के फोन नंबर सार्वजनिक किए जाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

लोगों को सफाई एवं स्ट्रीट लाइट जैसी समस्याओं का समाधान अब केवल एक कॉल पर मिल सकेगा। यह सुविधा एसडीएम शिवजीत भारती के दिशा-निर्देशानुसार शुरू की गई है। नागरिकों की समस्या पर तुरंत एक्शन लिया जाएगा। शहरवासियों ने शिकायत की थी कि सफाई और स्ट्रीट लाइट से संबंधित समस्याओं के लिए उन्हें नगरपालिका कार्यालय में जाना पड़ता है। दुकानदारों और नौकरीपेशा लोगों के लिए ऐसा करना कई बार संभव नहीं हो पाता। एसडीएम शिवजीत भारती ने नगरपालिका सचिव को निर्देश दिए कि संबंधित कर्मचारियों के फोन नंबर सार्वजनिक किए जाएं। शहरवासियों ने यह भी शिकायत की कि डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन के वाहन पर स्वच्छ भारत मिशन का थीम म्यूजिक नहीं बजता। जिसके कारण गली-मोहल्लों के अंदर रहने वाले लोगों को यह जानकारी नहीं मिल पाती कि वाहन उनके घर तक पहुंचा है या नहीं। इस पर एसडीएम ने निर्देश दिए कि सभी डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रह वाहन पर थीम म्यूजिक अनिवार्य रूप से बजना चाहिए इससे लोगों को वाहन के आने की सूचना मिलेगी और साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूकता भी फैलेगी।



### नारायणगढ़ में महास्वच्छता अभियान नागरिकों से सहयोग की अपील

नगरपालिका इन दिनों हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान 2025 के अंतर्गत महास्वच्छता अभियान चला रही है। एसडीएम शिवजीत भारती ने जनता से आह्वान किया कि नारायणगढ़ शहर को साफ. सुथरा रखना हर नागरिक की जिम्मेदारी है। यदि शहर स्वच्छ रहेगा तो बीमारियों से भी मुक्त रहेगा। सभी नगरवासी शहर को साफ. स्वच्छ बनाने का संकल्प लें। नगरपालिका सचिव मोहित कुमार ने बताया कि शहरवासियों की सुविधा के लिए अब संबंधित कर्मचारियों से सीधे संपर्क किया जा सकता है। डोर-टू-डोर कचरा संग्रह में कोई दिक्कत आती है तो इन नंबरों 8708223651, दक्ष 9996679167, 8053280131, 9416103883, 7082826483 ,9518077272, 9729940473 पर संपर्क किया जा सकता है।